# पाठ 1. सूरज और दीप

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) सूरज बिना तेल और बिना बाती का दीया है।

(ख) सूरज पश्चिम में जाकर ढलता है।

(ग) शिक्षा का दीप दिन-रात जलता है।

**III. लिखित कौशल**

(क) सूरज का दीया दिनभर जलता है।

(ख) सूरज की चमकीली किरणों से तन, मन, जीवन का नाता है।

(ग) समाज के हृदय में शिक्षा रूपी दीप प्रकाश भरता है।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii)   (ख) (i)   (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

(ii) नहीं

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) पूर्व   (ख) शाम   (ग) प्रकाश   (घ) अज्ञान

**2.** (क) बाती – ब् + आ + त् + ई

(ख) आँगन – आँ + ग् + अ + न् + अ

(ग) उज्ज्वल – उ + ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ

(घ) किरण – क् + इ + र् + अ + ण् + अ

(ङ) शिक्षक – श् + इ + क् + ष् + अ + क् + अ

(च) लज्जित – ल् + अ + ज् + ज् + इ + त् + अ

**3.** (क) दीया – दीये   (ख) किरण – किरणें   (ग) बाती – बातियाँ   (घ) माता – माताएँ

**4.** (क) (i)   (ख) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 2. प्राकृतिक संसाधनों की बचत

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) अखबार में यह खबर छपी थी कि शहर में पानी की बहुत किल्लत हो रही है,इसलिए एक-दो दिन पानी नहीं आएगा।

(ख) पानी, गैस का सिलेंडर और पेट्रोल खत्म होने के कारण माँ परेशान हो रही थी।

(ग) नकुल के सपने में बिजली, पानी, रसोई गैस और पेट्रोल आने लगे।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) बिजली ने अपने दुरुपयोग के बारे में कहा कि तुम मुझे चलाते-बंद करते हो, कमरे में लाइट, पंखे चलाकर बाहर चले जाते हो और मुझे बंद करना भूल जाते हो।

(ख) पानी हड़ताल पर इसलिए जा रहा था क्योंकि लोग उसे व्यर्थ समझते हैं और नल खुला छोड़ देते हैं।

(ग) पेट्रोल को चिंता सता रही थी कि लोग जिस प्रकार उसका अपव्यय कर रहे हैं उससे तो वह हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा।

(घ) प्राकृतिक संसाधनों ने हड़ताल रोकने के लिए यह शर्त रखी कि लोगों को हमारा अपव्यय रोकना होगा। अच्छे भविष्य के लिए हमें सँभाल कर खर्च करना अनिवार्य है।

2. (क) माँ ने नकुल से कहा।

(ख) पिता जी ने माँ से कहा।

(ग) नकुल ने बिजली, पानी और गैस से कहा।

(घ) पानी ने नकुल से कहा।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

यदि इसी तरह प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उपयोग होता रहा तो एक दिन ये सभी संसाधन समाप्त हो जाएँगे और प्राकृतिक संसाधनों के अभाव में मनुष्य एवं जीव-जंतुओं का जीवित रहना असंभव हो जाएगा।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) पानी – जल, नीर (ख) आँख – नयन, नेत्र

(ग) मनुष्य – मानव, मनुज (घ) माँ – माता, जननी (ङ) घर – सदन, निकेतन

2. [र] – रसोई, रबड़ [र्] – शर्त, पर्व

[्र] – प्रदूषण, प्रकाश [‸] – पेट्रोल, ट्रक

3. (क) शहर – जातिवाचक संज्ञा (ख) नकुल – व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) उदासी – भाववाचक संज्ञा (घ) रसोई गैस – जातिवाचक संज्ञा

(ङ) सब्ज़ी – जातिवाचक संज्ञा

4. (क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 3. नीम बड़ा गुणकारी

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

1. (क) इस पाठ में नीम के पेड़ के बारे में बताया जा रहा है।
   (ख) नीम की एक शाखा में बहुत छोटी-छोटी 29 या 31 पत्तियाँ होती हैं।
   (ग) पकी हुई निबौरियों से तेल निकाला जाता है जो औषधि के रूप में काम आता है।
   (घ) नीम के अलावा तुलसी, आँवला आदि भी औषधीय पौधे माने जाते हैं।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) भारत के अलावा नीम मलाया, चीन, म्यांमार आदि देशों में पाया जाता है।
   (ख) नीम के पत्ते बहुत सुंदर होते हैं। कड़वे होने के कारण इन्हें अलमारी, बक्सों तथा अनाज आदि की बोरियों में रखा जाता है ताकि कीड़े न लगें।
   (ग) नीम के फूल सफ़ेद रंग के होते हैं। इसके फूलों में पाँच पंखुड़ियाँ होती हैं। इसके फूलों में सुगंध होती है और रस भी। नीम के फल छोटे और हरे होते हैं जिन्हें 'निबौरी' कहा जाता है। वे पक्षियों को बहुत स्वादिष्ट लगते हैं।
   (घ) नीम एक बहुपयोगी एवं गुणकारी वृक्ष है। नीम के पत्तों को कड़वे होने के कारण अलमारी, बक्सों तथा अनाज की बोरियों में रखा जाता है ताकि कीड़े न लगें। पकी हुई निबौरियों के तेल से औषधि बनाई जाती है। नीम की टहनियाँ दातुन के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। तने की छाल और तने से निकलने वाली गोंद भी दवा के तौर पर काम में लाई जाती है। बीज से खली बनती है। फोड़े-फुंसियों या अन्य घावों के उपचार के लिए भी नीम रामबाण औषधि का काम करता है। नीम की पत्तियाँ उबालकर पीने से रक्त साफ़ हो जाता है।
2. (क) घनी, सीधा (ख) ठंड, गिर (ग) पाँच (घ) तोतों
3. (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗) (घ) (✓) (ङ) (✗)

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

पेड़-पौधे हमें सब कुछ देते हैं। अतः हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हमें पेड़ों को काटने से बचाना चाहिए। पेड़ों से ही जीवन संभव है। हमें सभी को इस बारे में जागरूक करना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) तरु, विटप (ख) खुशबू, सुवास (ग) पत्र, पात (घ) कुसुम, सुमन (ङ) खग, विहग
2. (क) प्यार, प्याज़ (ख) स्वादिष्ट, दुष्ट (ग) इस्तेमाल, दस्ता (घ) खत्म, अध्यात्म
3. (क) आप, अपने (ख) इसे (ग) वे (घ) इसके, हमें (ङ) अपने, यह
4. (क) (ii) (ख) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. केले का पत्ता, कमल का पत्ता, पीपल का पत्ता
2. दक्षिण भारत में केले के पत्ते पर भोजन किया जाता है।

3-4. विद्यार्थी स्वयं करें।

5. फल, लकड़ी, ऑक्सीज़न, फूल, अनाज

# पाठ 4. खुशी लुटाते हैं त्योहार

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) इस कविता में त्योहारों के बारे में वर्णन किया गया है।

(ख) इस कविता के कवि दिविक रमेश हैं।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) मनाते हैं त्योहार
जब लद जाते फूल-फलों से
पेड़ मनाते

(ख) सड़क मनाती तब त्योहार
शहर मनाता है त्योहार।

**2.** (क) जब नदियाँ पानी से भर जाती हैं तब उनका त्योहार होता है।

(ख) जिस दिन पेड़ नहीं कटते उस दिन जंगल त्योहार मनाता है और अगर मन अडिग रहे तो पर्वत त्योहार मनाता है।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- एक-दूसरे से खुशी बाँटने के लिए त्योहार मनाए जाते हैं।
- हमें त्योहार एक-दूसरे को उपहार देकर एवं हँसी-खुशी मनाने चाहिए।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) ठंडी, जंगल, पंछी (ख) माँ, हँसते, खुशियाँ

**2.** (क) जब-तब (ख) फूल-फलों (ग) मार-काट (घ) खिल-खिल

**3.** (क) मामा जी ने मेरे लिए उपहार में घड़ी भेजी। (ख) बगीचे में फूलों की खुशबू फैली है।

(ग) हिमालय पर्वत से अनेक नदियाँ निकलती हैं।

**4.** (क) (ii) (ख) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** विद्यार्थी स्वयं करें। **2.** ओणम, होली, क्रिसमस, ईद **3-4.** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 5. ऐसे-ऐसे

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) मोहन के पेट में 'ऐसे-ऐसे' हो रहा था।

(ख) मोहन ने झूठा बहाना इसलिए बनाया क्योंकि उसने स्कूल का गृहकार्य पूरा नहीं किया था।

(ग) मास्टर जी ने पूछा कि क्या तुमने स्कूल का काम पूरा कर लिया है।

(घ) मोहन के जवाब से माँ इसलिए चौंक गई क्योंकि उन्हें पता चल गया कि मोहन बीमारी का झूठा बहाना बना रहा था।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) वैद्य जी ने मोहन को देखकर बताया कि उसे वात का प्रकोप है और कब्ज़ है। उसका पेट साफ़ नहीं हुआ है। मल रुक जाने से वायु बढ़ गई है।

(ख) मास्टर जी मोहन की तबीयत देखकर समझ गए कि मोहन बीमारी का झूठा बहाना बना रहा है।

(ग) मास्टर जी ने माँ को मोहन जैसे लड़कों के दर्द का सही कारण स्कूल का काम पूरा न करना बताया।

(घ) मास्टर जी ने मोहन को दर्द की यह दवा बताई कि उसे स्कूल से दो दिन की छुट्टी दी जाएगी और इसमें उसे स्कूल का काम पूरा करना है।

2. (क) ठीक (ख) उतरा (ग) वैद्य (घ) मस्ती

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (iii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) द्य – विद्या, विद्यालय (ख) स्त – बस्ता, सस्ता (ग) ख्य – मुख्य, ख्याति (घ) स्ट – स्टेशन, स्टेज

2. (क) दवा – दवाइयाँ (ख) छुट्टी – छुट्टियाँ (ग) बेटा – बेटे (घ) बीमारी – बीमारियाँ

(ङ) चेहरा – चेहरे (च) आवाज़ – आवाज़ें

3. (क) बच्चा – बच्ची (ख) दादा – दादी (ग) लड़कों – लड़कियाँ

(घ) माता – पिता (ङ) बेटा – बेटी, मास्टर – मास्टरनी

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 6. पानी और धूप

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) कविता में अभी-अभी धूप थी और फिर अचानक पानी बरसने लगा।

(ख) ज़ोर-ज़ोर से बादल गरज रहे हैं।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) बिजली की तुलना बालक तलवार से कर रहा है।

(ख) बालक बिजली के घर बिजली के बच्चों को तलवार सिखाने के लिए जाने को कह रहा है।

(ग) तलवार मिलने पर बालक अपनी माँ तथा अपने ऊपर अत्याचार नहीं होने देगा।

2. (क) क्यों बंद कर लिया
का दरवाज़ा
ने भी क्या उसको
कहकर आजा।

(ख) मुझे चमकती-सी तलवार
तब माँ कर न कोई सकेगा
अपने ऊपर अत्याचार।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

इन पंक्तियों का भाव यह है कि जब हम शक्तिशाली होंगे तो हमारे ऊपर कोई अत्याचार नहीं कर सकेगा।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) जल, नीर (ख) जननी, माता (ग) मेघ, जलद (घ) सूर्य, रवि (ङ) कृपाण, खड्ग (च) दामिनी, चपला

2. (ख) दरवाज़े (ग) बिजलियाँ (घ) तलवारें

3. (क) <u>आँगन</u> में कौन बैठा है? (ख) तुम्हें <u>काका</u> बुला रहे हैं। (ग) यह <u>शैतानी</u> किसने की है? (घ) पक्षी <u>आसमान</u> में उड़ रहे हैं।

4. (क) (i) (ख) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 7. जादू का ब्रश

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) जया को चित्रकारी का बहुत शौक था।

(ख) जादू का ब्रश मिलने से जया की खुशी का ठिकाना न रहा।

(ग) वीनू जया का दोस्त था।

(घ) वीनू के पिता जी का तबादला हो गया था और कुछ दिनों में वह दूसरे शहर चला जाएगा। इस बात से वीनू और जया बहुत दुखी और उदास थे।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) जया ने सपने में देखा कि उसे एक जादुई ब्रश मिल गया है और वह उससे जिस भी चित्र में रंग भरेगी वह चित्र सच हो जाएगा।

(ख) जया और वीनू रोज़ पार्क में खेलते-खाते और ढेर सारी बातें करते थे। धीरे-धीरे वे दोनों अच्छे दोस्त बन गए।

(ग) वीनू के पिता जी का दूसरे शहर में तबादला हो गया था। उसके जाने से पहले जया उसे खास उपहार देना चाहती थी।

(घ) वीनू को चलता-फिरता देखकर उसके घरवाले हैरान रह गए।

(ङ) वीनू ने जब जया का उपहार खोलकर देखा तो वह चकित रह गया। उसे ऐसा लग रहा था जैसे वह स्वयं उस चित्र में से बाहर निकल आया है।

(च) जया मन ही मन सोच रही थी कि कितना अच्छा हो अगर वह इस ब्रश की सहायता से सभी लोगों की तकलीफ़ों को दूर करने में सफल हो पाए।

2. (क) जया ने (ख) वीनू ने (ग) जया ने

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (i) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- विद्यार्थी स्वयं करें।
- इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें सबके साथ प्यार से और मिल-जुलकर रहना चाहिए। हमें दूसरों की सहायता करनी चाहिए।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) दुश्मन (ख) खुश (ग) असफल (घ) शाम

2. (क) ज् + आ + द् + उ + ई

(ख) श् + औ + क् + अ

(ग) ख् + इ + ड़् + अ + क् + ई

(घ) स् + उ + ं + द् + अ + र् + अ

(ङ) च् + अ + क् + इ + त् + अ

3. व्यक्तिवाचक संज्ञा – जया, वीनू

जातिवाचक संज्ञा – पेंसिल, रात, इडली, व्हीलचेयर, दादी, फ्रॉक

भाववाचक संज्ञा – खुशी, हैरानी, दोस्ती, उत्साह

4. (क) उठाया (ख) खेलने लगा (ग) बोल रहा था

(घ) बैठा हुआ है (ङ) बनाया (च) खोलकर देखा

5. (क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 8. अनारको की दुनिया के सात अजूबे

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) सामान्य ज्ञान की परीक्षा चल रही थी।

(ख) पाँचवाँ प्रश्न था– 'दुनिया के सात मानवनिर्मित अजूबों' के बारे में लिखिए।

(ग) अनारको ने अपनी दुनिया के अजूबों के बारे में लिखा।

(घ) 'गरम-दिमाग सिपाही' माचिस की तीलियों को कहा गया है।

(ङ) ड्रैगन जैसी आवाज़ प्रेशर कुकर निकालता है।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) प्रश्न पढ़कर अनारको सोचने लगी कि प्रश्न में कौन-सी दुनिया की बात कही गई है, यह तो स्पष्ट नहीं है। प्रश्न में यह भी नहीं लिखा गया कि किताबों में लिखी और रटी बात ही लिखनी है।

(ख) अनारको ने अपनी दुनिया के सात अजूबों पगड़ी, माचिस, घड़ा, साइकिल, किताब, प्रेशर कुकर तथा पेंसिल के बारे में लिखा।

(ग) अनारको की दृष्टि में घड़ा अजूबा है क्योंकि इसमें हज़ारों-लाखों-करोड़ों छोटे-छोटे छेद होते हैं इनमें से पानी रिसता है और बाहर की गरमी-हवा से भाप बनकर हवा में मिल जाता है इस तरह इसमें गरमी में पानी ठंडा रहता है।

(घ) अनारको ने किताब और पेंसिल को अजूबा माना है। बित्ते भर की किताब में दुनिया की तमाम जानकारी होती है। अनारको के अनुसार पेंसिल भी बड़ी करामाती चीज़ है। एक पेंसिल से लगभग 35 किलोमीटर लंबी रेखा खींची जा सकती है।

**2.** (ङ) (ख) (क) (घ) (ग) (च)

**3.** (क) अमरीकी वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पेन बनाने में करोड़ों डॉलर खर्च कर दिए।

(ख) अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों के पेन की स्याही नीचे नहीं आती थी।

(ग) रूस के वैज्ञानिकों ने अपने देश के अंतरिक्ष यात्रियों के हाथ में पेंसिल पकड़ा दी, जिसमें न स्याही का झंझट और न गुरुत्वाकर्षण बल की चिंता।

(घ) 'खास' शब्द का विलोम शब्द है 'आम'।

(ङ) एक पेंसिल से लगभग 35 किलोमीटर लंबी रेखा खींची जा सकती है।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- विद्यार्थी स्वयं करें।
- प्रत्येक छोटी से छोटी वस्तु का महत्त्व होता है क्योंकि जो काम छोटी वस्तु कर सकती है वह बड़ी वस्तु नहीं कर सकती। जिस प्रकार सुई सिलने का काम करती है वह काम तलवार नहीं कर सकती। अत: यह सत्य है कि प्रत्येक छोटी वस्तु का भी अपना महत्त्व होता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) रक्षा, रोशनी (ख) प्रकार, प्रकाश (ग) कर्ज़, कर्म (घ) ड्रम, ट्रक

**2.** (क) असामान्य (ख) अज्ञान (ग) उत्तर (घ) गाँव

**3.** (क) दोपहर (ख) खूब (ग) बाहर (घ) चुपचाप

**4.** (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** विश्व के सात अजूबों में भारत की ऐतिहासिक इमारत ताजमहल शामिल है।

**2-5** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 9. लुई ब्रेल

**I. श्रुतलेख**

विद्‌यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) राघव के नए पड़ोसी के बेटे का नाम कार्तिक था।

(ख) श्रीमती मेहता ने कक्षा में लुई ब्रेल के बारे में बतलाया।

(ग) लुई ब्रेल की आँख में चोट लगने के कारण उसकी दोनों आँखों की रोशनी चली गई।

(घ) चार्ल्स बारबियर ने सैनिकों के लिए गुप्त भाषा तैयार की थी।

(ङ) लुई ब्रेल की लिपि का नाम 'ब्रेल लिपि' है।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) राघव अपने सहपाठियों को अपने नए पड़ोसी के बेटे कार्तिक के बारे में बताना चाहता था। इसलिए उसको विद्‌यालय पहुँचने की जल्दी थी।

(ख) लुई ब्रेल के पिता चमड़े का सामान बनाकर बाज़ार में बेचा करते थे।

(ग) अपने पिता की वर्कशॉप में औज़ारों से खेलते समय भूलवश एक औज़ार लुई ब्रेल की आँख में लग गया। ज़ख्म गहरा हो जाने से उसकी दोनों आँखों की रोशनी चली गई।

(घ) पादरी महोदय प्रतिदिन लुई ब्रेल को लेकर किसी बड़े वृक्ष के नीचे बैठ जाते और उन्हें बाइबिल की कहानियाँ सुनाया करते थे। उन्होंने लुई को फूलों और पक्षियों की पहचान करना सिखाया, साथ ही संगीत का अध्ययन कराया। पादरी महोदय ने एक स्कूल के प्रधानाध्यापक से लुई को प्रवेश देने का अनुरोध भी किया। इस प्रकार पादरी ने लुई ब्रेल की बहुत सहायता की।

(ङ) गुप्त भाषा के द्‌वारा सैनिक रात के अँधेरे में संदेशों का आदान-प्रदान कर सकें, इसलिए चार्ल्स बारबियर गुप्त भाषा तैयार कर रहे थे।

(च) चार्ल्स बारबियर से प्रेरणा लेकर लुई ब्रेल के अंदर नई लिपि बनाने की धुन सवार हो गई। बहुत कोशिशों के बाद लुई ब्रेल को अपने प्रयास में कामयाबी मिली।

(छ) 'ब्रेल लिपि' में अक्षरों और गणित के चिह्नों को कागज़ पर हलका उभार देकर छापा जाता है जिसे स्पर्श करके आसानी से अक्षर, शब्द, वाक्य आदि पढ़े जा सकते हैं।

**2.** (क) सन् 1829 (ख) सन् 1837 (ग) सन् 1821

(घ) सन् 1852 (ङ) सन् 1809

**3.** (क) सन् 1829 में लुई ब्रेल को अपने प्रयास में कामयाबी तब मिली जब उन्होंने इस लिपि में अपनी पहली पुस्तक प्रकाशित की।

(ख) सन् 1837 में लुई ब्रेल ने अपनी संशोधित लिपि में दूसरी पुस्तक प्रकाशित की।

(ग) लुई ब्रेल की लिपि को 'ब्रेल लिपि' के नाम से जाना जाता है।

(घ) जिसे दिखाई न देता हो।

(ङ) प्रयत्न, कोशिश।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- दूसरों की सहायता करना, उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना तथा निरंतर अभ्यास द्‌वारा उसे निखारना जैक्विस पेलुई के व्यक्तित्व की खूबियाँ थीं।
- लुई ब्रेल के व्यक्तित्व से हमें प्रेरणा मिलती है कि कठिन परिश्रम और लगन से असंभव-सा दिखने वाला काम भी संभव हो जाता है। हमें जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। हम अपने कार्य में सुधार करके उसे और भी बेहतर बना सकते हैं। हमें समाज सेवा और मानव कल्याण के बारे में सोचना चाहिए।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) शांति (ख) मित्रता (ग) गहराई (घ) बालपन (ङ) स्वास्थ्य (च) कठिनाई
2. (क) उन्होंने पुस्तकें प्रकाशित कीं।
   (ख) वह उँगलियों के स्पर्श से पुस्तक पढ़ लेता था।
   (ग) उसकी आँखों की रोशनी चली गई।
   (घ) इस लिपि से दृष्टिबाधित लोगों की कठिनाइयाँ दूर हो गईं।
3. (क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 10. पुत्री को पत्र

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) यह पत्र नेहरू जी ने अपनी पुत्री इंदिरा जी को लिखा था।

(ख) नेहरू जी नैनी जेल में बंद थे।

(ग) इस पत्र में मिस्र देश के बारे में जानकारी दी गई है।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) पुराने ज़माने के लोगों के बारे में उनके बनाए हुए बड़े-बड़े मकानों और इमारतों से पता चलता है। इसके अतिरिक्त कुछ बहुत पुरानी किताबें भी हैं जिनसे उस समय के बारे में ज्ञात होता है।

(ख) स्फिंक्स औरत के सिर वाली शेर की मूर्ति को कहते हैं। इसका डील-डौल बहुत बड़ा होता है। किसी को यह नहीं मालूम कि यह मूर्ति क्यों बनाई गई। उस औरत के चेहरे पर एक अजीबोगरीब मुसकराहट झलकती है और किसी की समझ में नहीं आता कि वह इस तरह क्यों मुसकरा रही है।

(ग) ममी किसी आदमी या जानवर के मृत शरीर को कहते हैं।

(घ) पुराने ज़माने में मिस्र में खेतों को सींचने के लिए अच्छी-अच्छी नहरें और झीलें बनाई जाती थीं। इन नहरों, झीलों और बड़ी-बड़ी मीनारों को अच्छे-अच्छे इंजीनियरों ने ही बनाया होगा। इससे पता चलता है कि पुराने ज़माने में मिस्र के लोग होशियार थे।

(ङ) मीदास को उसके लालच की सज़ा मिली थी।

2. (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✗) (ङ) (✓)

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- मिस्रवासी बादशाहों को मरने के बाद ममी बनाकर बड़ी-बड़ी मीनारों में रख देते थे। इससे यह पता चलता है कि वे अपने बादशाहों से प्रेम करते थे। वे उनके पास खाने की वस्तुएँ रख देते थे। उनका विचार था कि शायद मरने के बाद भी उन्हें खाने की आवश्यकता रहेगी।

  मिस्रवासियों द्वारा बनाई गई नहरें, झीलें और बड़ी-बड़ी मीनारें उस समय की तकनीकी योग्यता को साबित करती हैं।
- प्राचीनकाल की जानकारियाँ हमारे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होती हैं। इनसे हमें अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के बारे में पता चलता है। विश्व के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) पुरानी (ख) कीमती (ग) लालची (घ) लाभदायक (ङ) अच्छी
2. (क) बहुवचन (ख) एकवचन (ग) बहुवचन (घ) बहुवचन (ङ) एकवचन
3. (क) मिस्र (ख) मसाला (ग) मूर्ति (घ) बादशाह (ङ) होशियार (च) आवश्यकता
4. (क) स्त्रीलिंग (ख) पुल्लिंग (ग) स्त्रीलिंग (घ) स्त्रीलिंग (ङ) पुल्लिंग (च) स्त्रीलिंग (छ) स्त्रीलिंग (ज) पुल्लिंग
5. (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. इटली, रूस, चीन, इराक, स्पेन, जर्मनी, थाइलैंड, फ्रांस, जापान, भूटान।

2-6. विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 11. हिमालय की याद में

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) हिमालय सदियों से दृढ़ता से खड़ा है।

(ख) विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी सागरमाथा (एवरेस्ट) है।

(ग) 23 मई, 1984 को बछेंद्री पाल ने एवरेस्ट पर पहुँचने में सफलता पाई थी।

(घ) हिमालय पर फूलों और जड़ी-बूटियों की लगभग चौदह हज़ार किस्में पाई जाती हैं।

(ङ) बछेंद्री पाल ने कहा है कि मैं कई बार हिमालय पर गई पर मुझे कभी कोई यति नहीं मिला, ये सब मनगढ़ंत बातें हैं।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) बछेंद्री पाल ने एवरेस्ट पर पहुँचकर घुटने टेके और सिर झुकाकर माँ दुर्गा को नमन किया। फिर 'हनुमान चालीसा' हिमालय की चोटी पर रखा। उसके बाद वहीं से कुछ तस्वीरें खींची।

(ख) बछेंद्री पाल सबसे पहले बारह वर्ष की उम्र में अपने स्कूल की ओर से पिकनिक मनाने के लिए हिमालय पर चढ़ी थीं।

(ग) ऐसा कहकर बछेंद्री पाल ने संदेश दिया है कि हम कितनी भी ऊँचाई पर पहुँच जाएँ, नीचे देखने के लिए झुकना ही पड़ता है अर्थात् झुककर रहने वाले ही सफल माने जाते हैं।

(घ) तपस्या में लीन ऋषियों को देखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

(ङ) जिन्हें बर्फ़ से खेलना है, वे यहाँ सर्दियों में जाएँ और जो रंग-बिरंगे फूलों की सुंदरता का खज़ाना देखना चाहते हैं, वे जून, जुलाई या अगस्त के महीनों में जाएँ।

(च) हिमालय पर जाकर सीखते रहने का कोई अंत नहीं है, इसलिए बछेंद्री पाल ने हिमालय को एक पाठशाला कहा है।

(छ) हिमालय पर चढ़ाई के समय लगभग तीन-चार हज़ार मीटर की ऊँचाई से और ऊपर जाने पर ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगती है।

(ज) हिमालय पर हवा में नमी कम होती है। जब साँस ले रहे होते हैं तो आप सूखी हवा खींचते हैं और साँस छोड़ते हैं तो भाप-सी निकलती है। नमी निकलने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। चढ़ाई के दौरान बर्फ़ देखकर ज़्यादा कपड़े पहनने से भी पसीना खूब आता है। पसीने के रूप में पानी निकल जाना भी अच्छा नहीं रहता। इसीलिए हिमालय पर चढ़ने वालों को पानी बहुत पीना चाहिए।

2. (क) सही (ख) गलत (ग) सही (घ) गलत (ङ) गलत

3. (क) बर्फ़ीले पहाड़ों की ऊँची चोटियों पर सदाबहार नदियाँ देखकर लेखिका का मन प्रफुल्लित हो उठता है।

(ख) हिमालय की चढ़ाई में लगभग तीन-चार हज़ार मीटर की ऊँचाई तक मुश्किल नहीं होती।

(ग) ऑक्सीजन फेफड़ों तक ज़्यादा पहुँचे, इसके लिए ऊँचाई पर जल्दी-जल्दी साँस लेनी पड़ती है।

(घ) (i) पहाड़ – शिखर, पर्वत (ii) गंगा – मंदाकिनी, भागीरथी

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (iii) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- हिमालय पर चढ़ने के लिए मनुष्य में साहस, धैर्य, सकारात्मक सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति, कठिन परिस्थितियों का सामना करने की हिम्मत तथा शारीरिक मज़बूती आदि गुण होने चाहिए।
- हिमालय में कुछ ऐसा आकर्षण है जो हर किसी को अपने पास बुलाता है और अपनी ओर खींचता है। वह हमें कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता के साथ सामना करने के लिए प्रेरित करता है। हमें कम सुविधाओं में भी जीवन जीना आना चाहिए। हिमालय हमें आगे बढ़ने और हमेशा कुछ-न-कुछ सीखते रहने के लिए भी प्रेरित करता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) उथलापन (ख) असफलता (ग) उतरना (घ) पीछे (ङ) आसान (च) गीली

**2.** (क) सुंदर + ता (ख) गहरा + आई (ग) रोमांच + इत (घ) गुलाब + ई (ङ) अचंभा + इत

**3.** (क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 12. जेवलिन मैन–नीरज चोपड़ा

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) भाला फेंक खेल से।

(ख) नीरज का जन्म 24 दिसंबर, 1997 में पानीपत जिले के खंडरा गाँव में हुआ।

(ग) नीरज गाँव के खेतों में खेलकर बड़े हुए।

(घ) नीरज 'जेवलिन मैन ऑफ़ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) नीरज के परिवार ने उन्हें स्टेडियम भेजना इसलिए शुरू किया क्योंकि तेरह साल की उम्र में उनका वजन 75 किलो के आस-पास हो गया था। जिसके कारण वे मज़ाक के पात्र बन गए थे।

(ख) जब नीरज को वजन कम करने के लिए पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में भेजा गया तब वहीं वे पहली बार भाला फेंक खेल से परिचित हुए।

(ग) प्रसिद्ध भाला फेंक खिलाड़ी जयवीर चौधरी ने उनकी प्रतिभा और क्षमता को पहचाना।

(घ) नीरज को प्रसिद्धि तब मिली जब उन्होंने आईएएएफ (IAAF) वर्ल्ड U20 चैंपियनशिप (बाइडगोस्ज़क, पोलैंड, 2016) में 86.48 मीटर के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

(ङ) नीरज का खेल सफर जीवन में सतत प्रयास और कभी न हार मानने के ज़ज्बे के साथ लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की सीख देता है।

**2.** (क) (✗) (ख) (✗) (ग) (✗) (घ) (✓) (ङ) (✗) (च) (✓)

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

खेल हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। खेलों से तनाव कम होता है। इनसे शरीर में चुस्ती और फुर्ती आती है। खेलों से सहनशीलता का विकास होता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) स्वर्ण – स् + व् + अ + र् + ण् + अ

(ख) खिलाड़ी – ख् + इ + ल् + आ + ड़् + ई

(ग) विश्व – व् + इ + श् + व् + अ

(घ) लक्ष्य – ल् + अ + क् + ष् + य् + अ

(ङ) पुरस्कार – प् + उ + र् + अ + स् + क् + आ + र् + अ

**2.** (क) खिलाड़ी (ख) नृतक (ग) कवि (घ) चित्रकार (ङ) अभिनेता

**3.** (क) खेलते हुए, हुए (ख) बना लिया था (ग) जीते (घ) उठाया (ङ) भेजा

**4.** (क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** मिल्खा सिंह, सुनील छेत्री, दीपा करमाकर, दूती चंद

**2-3.** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 13. डर पर हुई जीत

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) शाषा और माको फ्रांस में घने जंगलों के किनारे एक गाँव में रहते थे।

(ख) जब शाषा ने कहा कि अँधेरा हो रहा है। चलो, घर चलते हैं तो माको शाषा को डरपोक-डरपोक कहकर हँस रहा था।

(ग) शाषा माको के न मिलने के कारण दुखी थी।

(घ) बगीचा भूत का था।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) माको लुका-छिपी का खेल खेलने की जिद कर रहा था। वह शाषा से कहता है कि मैं छिप जाता हूँ और तुम मुझे ढूँढ़ो।

(ख) शाषा की माँ कहती थीं कि यहाँ जादूगर और भूत आते हैं।

(ग) माको को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते शाषा पुराने महल के पीछे एक बगीचे में पहुँच गई।

(घ) एक डरावनी शक्ल वाले को देखकर शाषा चिल्लाकर भागने लगी।

(ङ) भूत ने माको को फूल बना दिया था। शाषा ने देखा कि सब फूलों पर ओस गिरी हुई थी। पीले फूल पर ओस के कण नहीं थे। इसका मतलब था कि यह फूल अभी-अभी खिला है। शाषा समझ गई कि यही उसका भाई है। इस प्रकार शाषा ने माको को ढूँढ़ निकाला।

2. (क) शाषा ने (ख) माको ने (ग) भूत ने (घ) भूत ने (ङ) शाषा ने

(च) शाषा ने

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

- इस पाठ में यही संदेश छिपा है कि हमें मुश्किल परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए बल्कि निडर होकर साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए।
- डर को साहस के साथ जीता जा सकता है। यदि मनुष्य साहस और हिम्मत जुटा ले तो वह आसानी से डर पर काबू पा सकता है।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) अंधकार, तिमिर (ख) वन, कानन (ग) नयन, चक्षु (घ) सुमन, पुष्प (ङ) उपवन, वाटिका

2. (क) ज् + आ + द् + ऊ + ग् + अ + र् + अ

(ख) प् + अं + क् + त् + इ

(ग) ब् + उ + द् + ध् + इ + म् + आ + न् + अ

(घ) इ + ज् + आ + ज् + अ + त् + अ

3. (ख) डरकर (ग) चिल्लाकर (घ) खेलकर (ङ) पकड़कर (च) मुसकराकर

4. (क) (iii) (ख) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 14. चंद्रयान

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) चंद्रयान की टीम के बारे में।

(ख) अम्मा सूत काता करती थीं।

(ग) चाँद को 'अलबेला' कहा गया है।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) कविता चाँद पर चंद्रयान के पहुँचने के अद्भुत काम के बारे में बता रही है।

(ख) चाँद मोटा झिंगोला इसलिए माँगता होगा ताकि रात के समय उसे ठंड न लगे।

(ग) 'चंद्र-खिलौना' का अर्थ है चंद्रमा रूपी खिलौना। अर्थात् चंद्रमा को खिलौने के समान मानना।

**2.** (क) यही चाँद माँगा करता था
मोटा एक झिंगोला
इसी चाँद का मुँह टेढ़ा था
यही था वह अलबेला।

(ख) अब मैया से जिद न करेंगे
बाल कृष्ण मुसकाएँगे
चंद्र-खिलौना हाथ में लेकर
लीला नई रचाएँगे।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

देश की प्रगति में वैज्ञानिकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। ये नई-नई खोज़ें करके देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाते हैं। रोजगार के अवसरों में वृद्धि करते हैं।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** ( ं ) – चंद्रयान, चंद्र, झिंगोला

( ँ ) – चाँद, माँगा, मुसकाएँगे

**2.** (क) चाँद – चंद्र, चंद्रमा

(ख) मैया – माता, माँ

(ग) हाथ – कर, हस्त

**3.** (क) मुझे नया खिलौना चाहिए। (ख) क्रिकेट की टीम मैदान में पहुँच गई।

(ग) आज मेरे मामा आएँगे। (घ) ईश्वर की लीला अद्भुत है।

(ङ) मेरा घर मंदिर के पास है।

**4.** (क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 15. क्षमादान

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) शिवाजी शयनकक्ष में सो रहे थे।

(ख) मृत्युदंड पाने के पहले मालवजी अपनी माता जी से मिलना चाहता था।

(ग) मालवजी की अपनी माता से मिलने की हिम्मत नहीं हुई। मालवजी को भय था कि सारी बातें जानकर उसकी माता जी उसे वापस न आने देंगी।

(घ) शिवाजी अपनी मातृभूमि के दुख से दुखी थे।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) शिवाजी की हत्या करने के लिए मालवजी आया था।

(ख) शिवाजी के दुश्मन ने मालवजी से कहा था कि यदि वह शिवाजी की हत्या कर दे तो वह उसे पुरस्कार देगा।

(ग) मृत्युदंड पाने के पहले मालवजी अपनी माता जी से मिलना चाहता था, परंतु शिवाजी ने उससे कहा कि यदि तुम वापस न लौटे तब? यह सुनकर मालवजी ने कहा कि "मैं वीरपुत्र हूँ महाराज! झूठ बोलकर मृत्यु से बचना नहीं चाहता।"

(घ) शिवाजी के मन में मालवजी के प्रति प्रेम पैदा हो गया था। मालवजी के चले जाने के बाद भी शिवाजी उसे याद कर रहे थे, इसलिए तानाजी ने मालवजी के बारे में ऐसा कहा।

(ङ) मालवजी ने उत्तर दिया कि महाराज! आपसे विदा होकर मैं घर पहुँचा। मैंने सोचा कि माता जी से सारा भेद कह दूँ, परंतु मेरी हिम्मत न पड़ी। कायरता से नहीं बल्कि इस भय से कि सारी बातें जानकर वह मुझे आप तक आने न देंगी। अब मैं आपकी सेवा में उपस्थित हूँ।

(च) शिवाजी से क्षमादान मिलने पर मालवजी प्रतिज्ञा करता है कि वह मातृभूमि की सेवा से कभी पीछे नहीं हटेगा।

2. (क) शिवाजी ने (ख) तानाजी ने (ग) मालवजी ने (घ) शिवाजी ने

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (ii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

शिवाजी के चरित्र में वीरों को पहचानने तथा देश-प्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी थी।

मालवजी एक निडर तथा सच्चा बालक था।

तानाजी वीर तथा स्वामिभक्त थे।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) बालक (ख) सज़ा (ग) जिम्मेदारी (घ) डंडा (ङ) केश (च) वज़न

2. (क) मेरे घर में दो प्राणी हैं।

(ख) मैं आपकी हत्या करना चाहता था।

(ग) तुम अपनी माता से मिलकर अवश्य लौटना।

(घ) मेरे पिता आपकी सेना में सिपाही थे।

3. (क) सुरेश के पिता सेना में सिपाही थे।

(ख) कैदी ने झूठ बोलकर मृत्यु से बचने की योजना बनाई।

(ग) एक बालक आपसे मिलने की प्रतीक्षा कर रहा है।

(घ) राजा ने मालवजी को जीवनदान दिया।

(ङ) वह आपसे विदा लेकर अपने घर गया।

**4.** (क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1,2,4.** विद्यार्थी स्वयं करें।

**3.** 1. पृथ्वीराज चौहान 2. राणा सांगा 3. सम्राट अशोक 4. वीर शिवाजी 5. महाराणा प्रताप

# पाठ 16. भारत-दर्शन

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) भारत के राज्यों को जानने के लिए हमें एक बार भारत-दर्शन करना होगा।

(ख) भारत का सबसे विशाल बरगद का पेड़ कोलकाता वनस्पति उद्यान में स्थित है।

(ग) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल का नाम राजघाट है।

(घ) शिमला के लक्कड़ बाज़ार में लकड़ी से बना विभिन्न प्रकार का उपयोगी एवं सजावटी सामान मिलता है।

(ङ) गोवा में लगभग 40 समुद्र तट हैं।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) कोलकाता को 'पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार' कहते हैं।

(ख) कोलकाता में दुर्गापूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है।

(ग) लालकिला, कुतुबमीनार, हुमायूँ का मकबरा, इंडिया गेट, अक्षरधाम मंदिर आदि दिल्ली के दर्शनीय स्थल हैं।

(घ) शिमला हिमालय की वादियों में बसा एक खूबसूरत शहर है। इसलिए शिमला को 'पहाड़ों की रानी' कहा जाता है।

(ङ) शिमला ठंडी जलवायु, प्राकृतिक दृश्यों तथा चीड़ और देवदार के जंगलों के लिए प्रसिद्ध है।

(च) कलंगुट बीच, बागा बीच, मीरामार बीच, दोनापाउला बीच, कोलवा बीच, अंजुना बीच, पालोलेम बीच आदि गोवा के प्रमुख समुद्र तट हैं।

2. (क) सही (ख) गलत (ग) सही (घ) सही (ङ) गलत (च) सही

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (iii) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

लोगों का राजघाट के दर्शन करने जाना इस बात को स्पष्ट करता है कि लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बहुत सम्मान करते हैं। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलना चाहते हैं तथा अहिंसा में विश्वास रखते हैं। राजघाट जाकर मन को शांति मिलती है।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) अनोखा (ख) विदेशी (ग) प्राचीन (घ) कुछ (ङ) पारंपरिक

2. (ख) तटीय (ग) प्राकृतिक (घ) दर्शनीय (ङ) आयोजित (च) धार्मिक

3. (क) (i) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. प्रवेश → लालकिला → इंडिया गेट → जंतर मंतर → लोट्स टेंपल → शंकर गुड़िया संग्रहालय → राजघाट → तीनमूर्ति भवन → कुतुबमीनार → हुमायूँ का मकबरा → पुराना किला → निकास

2-3. विद्यार्थी स्वयं करें।

# नमूना प्रश्न-पत्र

## ( पाठ 1 से 16 तक )

**समयावधि :** .......................... **पूर्णांक : 50**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) अमरीकी वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पेन बनाने में करोड़ों डॉलर खर्च कर दिए।

(ख) अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों के पेन की स्याही नीचे नहीं आती थी।

(ग) रूस के वैज्ञानिकों ने अपने देश के अंतरिक्ष यात्रियों के हाथ में पेंसिल पकड़ा दी जिसमें न स्याही का झंझट और न गुरुत्वाकर्षण बल की चिंता।

(घ) 'खास' शब्द का विलोम शब्द है 'आम'।

(ङ) एक पेंसिल से लगभग 35 किलोमीटर लंबी रेखा खींची जा सकती है।

**2. निर्देशानुसार कीजिए।**

(क) (i) रोमांचित (ii) अचंभित

(ख) (i) स्वर्ण – स् + व् + अ + र् + ण् + अ

(ii) लक्ष्य – ल् + अ + क् + ष् + य् + अ

(ग) (i)

(घ) (i) दंड = सज़ा, डंडा

(ii) बाल = बालक, केश

(ङ) (iii)

(च) (ii)

(छ) (i) बहुवचन (ii) बहुवचन (iii) बहुवचन

(ज) (i) मूर्ति (ii) आवश्यकता

(झ) (i) जातिवाचक संज्ञा (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ञ) (i) गहराई (ii) चढ़ाई

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) प्राकृतिक संसाधनों के हड़ताल पर जाने का कारण था कि मानव इनका दुरुपयोग और अपव्यय कर रहा है।

(ख) नीम के फूल सफ़ेद रंग के होते हैं। इसके फूलों में पाँच पंखुड़ियाँ होती हैं। इसके फूलों में सुगंध होती है और रस भी। नीम के फल छोटे और हरे होते हैं। पकने पर ये पीले रंग के हो जाते हैं। इन्हें 'निबौरी' कहा जाता है। ये पक्षियों को बहुत स्वादिष्ट लगते हैं।

(ग) हिमालय पर जाकर सीखते रहने का कोई अंत नहीं है, इसलिए बछेंद्री पाल ने हिमालय को एक पाठशाला कहा है।

(घ) शिवाजी के मन में मालवजी के प्रति प्रेम पैदा हो गया था। मालवजी के चले जाने के बाद भी शिवाजी उसे याद कर रहे थे, इसलिए तानाजी ने मालवजी के बारे में ऐसा कहा।

(ङ) वीनू के पिता जी का दूसरे शहर में तबादला हो गया था। उसके जाने से पहले जया उसे खास उपहार देना चाहती थी।

**4.** विद्यार्थी स्वयं करें।

**उत्तर के लिए संकेत-बिंदु–**

(i) प्रिय त्योहार

(ii) उमंग और प्रसन्नता का माहौल

(iii) नए कपड़े खरीदना

(iv) एक-दूसरे को उपहार देना

(v) आपस में खुशियाँ बाँटना

**5.** विद्यार्थी स्वयं करें।

## जाँच पत्र-1

### (पाठ 1-8 पर आधारित)

**कुल अंक 25**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) बिजली की तुलना बालक तलवार से कर रहा है।

(ख) वीनू ने जब जया का उपहार खोलकर देखा तो चकित रह गया क्योंकि उसे लग रहा था जैसे वह स्वयं उस चित्र में से बाहर निकल आया हो।

(ग) मास्टर जी मोहन की तबीयत देखकर समझ गए कि मोहन बीमारी का झूठा बहाना बना रहा है।

(घ) पानी हड़ताल पर इसलिए जा रहा था क्योंकि लोग उसे व्यर्थ समझते हैं और नल खुला छोड़ देते हैं।

(ङ) अनारको ने किताब और पेंसिल को अजूबा माना है। बित्ते भर की किताब में दुनिया की तमाम जानकारी होती है। अनारको के अनुसार पेंसिल भी बड़ी करामाती चीज़ है। एक पेंसिल से लगभग 35 किलोमीटर लंबी रेखा खींची जा सकती है।

**2. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ लिखिए।**

(क) इन पंक्तियों में कवि ने सूरज की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि आसमान का सूरज धरती के कण-कण को रोशन करता है। वह बिना किसी भेदभाव के सबके जीवन का अंधकार मिटाता है।

(ख) जब खेतों में फ़सलें लहलहाती हैं तो खेत-खलिहान त्योहार मनाते हैं और जब पेड़-पौधे फल और फूलों से लद जाते हैं तब पेड़ त्योहार मनाते हैं।

**3. पाठ के आधार पर लिखिए कि ये वाक्य सही हैं या गलत।**

(क) गलत (ख) सही (ग) सही (घ) सही (ङ) गलत

**4. उचित विकल्प चुनिए।**

(क) (ii) (ख) (ii) (ग) (ii) (घ) (ii) (ङ) (i)

**5. नीचे दिए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

(क) आँगन में बच्चे खेल रहे हैं।

(ख) हमें समय का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

(ग) सूरज की किरनें पहाड़ों की चोटियों पर बिखरी हैं।

(घ) बगीचे में फूलों की खुशबू फैली है।

(ङ) हमें प्राकृतिक संसाधनों को सँभाल कर खर्च करना चाहिए।

(च) हिमालय पर्वत न होकर मानो जादुई संसार है।

# जाँच पत्र-2

## (पाठ 9-16 पर आधारित)

**कुल अंक 25**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) लुई ब्रेल की आँखों में चोट लगने के कारण उसकी दोनों आँखों की रोशनी चली गई थी।

(ख) हिमालय में कुछ ऐसा आकर्षण है जो हर किसी को अपने पास बुलाता है और अपनी ओर खींचता है। वह हमें कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता के साथ सामना करने के लिए प्रेरित करता है। हमें कम सुविधाओं में भी जीवन जीना आना चाहिए। हिमालय हमें आगे बढ़ने और हमेशा कुछ-न-कुछ सीखते रहने के लिए भी प्रेरित करता है।

(ग) नीरज के परिवार ने उन्हें स्टेडियम भेजना इसलिए शुरू किया क्योंकि तेरह साल की उम्र में उनका वजन 75 किलो के आस-पास हो गया था। जिसके कारण वे मज़ाक के पात्र बन गए थे।

(घ) पुराने ज़माने में मिस्र में खेतों को सींचने के लिए अच्छी-अच्छी नहरें और झीलें बनाई जाती थीं। इन नहरों, झीलों और बड़ी-बड़ी मीनारों को अच्छे-अच्छे इंजीनियरों ने ही बनाया होगा। इससे पता चलता है कि पुराने ज़माने में मिस्र के लोग होशियार थे।

(ङ) लोगों का राजघाट के दर्शन करने जाना इस बात को स्पष्ट करता है कि लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बहुत सम्मान करते हैं। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलना चाहते हैं तथा अहिंसा में विश्वास रखते हैं। राजघाट जाकर मन को शांति मिलती है।

**2. लिखिए, ये वाक्य किसने, किससे कहे?**

(क) शाषा ने भूत से (ख) शिवाजी ने मालवजी से (ग) भूत ने शाषा से (घ) तानाजी ने शिवाजी से

**3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) प्राचीन (ख) वीरता (ग) मज़ाक (घ) टापू (ङ) अद्‌भुत

**4. इन वाक्यों में से निर्देशानुसार शब्दों को चुनकर लिखिए।**

(क) रखी थीं (ख) दो-तीन (ग) भारत (घ) खेलते हुए बड़े हुए

**5. उचित विकल्प चुनिए।**

(क) (iii) (ख) (i) (ग) (iii) (घ) (ii)

**6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) मुझे नया खिलौना चाहिए।

(ख) ईश्वर की लीला अद्‌भुत है।

(ग) भारत में विदेशी लोग घूमने आते हैं।